दतिया- भारत का तीसरा सबसे गर्म स्थान

चर्चा में क्यों?

भारत **मौसम विज्ञान विभाग** के अनुसार, **मध्य प्रदेश के दतिया ज़िले में तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया** और यह तीसरा सबसे गर्म स्थान बन गया।

मुख्य बिंदु:

- दिल्ली के **नजफगढ़** में देश में **सबसे अधिक तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस** दर्ज किया गया, जबकि **आगरा में 47.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।**
- सूत्रों के मुताबिक पूर्वी मध्य प्रदेश के ज़िलों के कुछ इलाकों में **बारिश या आँधी** आ सकती है।
- पश्चिमी और पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में **हीट वेव की स्थिति** का अनुभव किया जा सकता है।

हीट वेव

- **परिचय:**
    - हीट वेव, **चरम गर्म मौसम की लंबी अवधि होती है जो मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल** सकती है।
    - भारत एक उष्णकटिबंधीय देश होने के कारण **विशेष रूप से हीट वेव के प्रति अधिक संवेदनशील** है, जो हाल के वर्षों में लगातार और अधिक तीव्र हो गई है।
- **भारत में हीट वेव घोषित करने हेतु IMD के मानदंड:**
    - यदि किसी स्थान का **अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस** या उससे अधिक एवं **पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच** जाता है तो इसे **हीटवेव की स्थिति** माना जाता है।
    - यदि किसी **स्थान का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से कम या उसके बराबर है, तो सामान्य तापमान से 5°C से 6°C की वृद्धि** को हीट वेव की स्थिति माना जाता है।
        - इसके अतिरिक्त **सामान्य तापमान से 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे अधिक की वृद्धि को गंभीर हीटवेव की स्थिति** माना जाता है।
    - **यदि किसी स्टेशन का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से अधिक है, तो सामान्य तापमान से 4°C से 5°C की वृद्धि को लू** की स्थिति माना जाता है। इसके अलावा **6 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक की वृद्धि को गंभीर हीटवेव की स्थिति** माना जाता है।
        - इसके अतिरिक्त यदि **सामान्य अधिकतम तापमान के बावजूद वास्तविक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस** या उससे अधिक रहता है, तो हीटवेव घोषित किया जाता है।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/datia-third-hottest-place-in-india